# विंध्य अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : आयोजन से बच्चों और युवाओं का मनोबल बढ़ा

## विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन फिल्मी प्रस्तुतियों ने बांधा समां, फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को बनाया यादगार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 31 जनवरी। विंध्य अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के सीधी में अंतर्राष्ट्रीय आयोजन से बच्चों और युवाओं का मनोबल बढ़ा है। विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन फिल्मी प्रस्तुतियों ने समां बांधा। फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बनाया।**

विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से फिल्मी कार्यक्रमों की भव्य शुरुआत हुई। फेस्टिवल के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की शॉर्ट फिल्मों एवं सिनेमा प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सिनेप्रेमियों, कलाकारों और फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से आए डायरेक्टर्स एवं मूवी मेकर्स ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सीधी जैसे शहर में इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि इस मंच से स्थानीय बच्चों और युवाओं का मनोबल बढ़ेगा और वे भविष्य में फिल्म, सिनेमा, लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। इसी क्रम में वक्ता देवयानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मिथोलॉजी पढ़ने से न सिर्फ इतिहास और परंपराओं का ज्ञान मिलता है बल्कि यह नैतिकता, निर्णय-क्षमता और आत्मचिंतन को भी मजबूत करती है। इन कथाओं में छिपे प्रतीक और संदेश आज के दौर में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने प्राचीन समय में थे। उनके विचारों को उपस्थित दर्शकों ने सराहना के साथ सुना।

तीसरे दिन प्रदर्शित की गई शॉर्ट फिल्म बेउला दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। यह एक संवेदनशील शॉर्ट फिल्म है जो मानवीय रिश्तों, आत्म-संघर्ष और सामाजिक सच्चाइयों को बेहद सादगी और गहराई के साथ प्रस्तुत करती है। फिल्म की कहानी आम जीवन से जुड़ी परिस्थितियों पर आधारित है जहां पात्रों की भीतरी भावनाएं और उनके निर्णय कथा को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसका मिनिमल ट्रीटमेंट है-कम संवाद, प्रभावशाली दृश्य और स्वाभाविक अभिनय। बेउला शोर-शराबे से दूर रहकर दर्शकों को सीधे भावनाओं से जोड़ती है और सोचने का अवसर देती है। यह फिल्म यह संदेश देती है कि खामोशी भी एक भाषा होती है और कई बार छोटे से पल जिंदगी के बड़े अर्थ समझा देते हैं। फिल्म देखने के बाद इसका असर दर्शकों पर देर तक बना रहा। विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का तीसरा दिन कला, संवेदना, संस्कृति, स्वदेशी उत्पादों और सिनेमा के विविध रंगों से सराबोर रहा। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि छोटे शहर भी बड़े सिनेमा और सांस्कृतिक संवाद के सशक्त मंच बन सकते हैं।





### हस्तशिल्प व स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शिनी रही आकर्षण का केन्द्र

फिल्मी प्रस्तुतियों के साथ-साथ फेस्टिवल परिसर में पारम्परिक कला और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में सुपारी और मिट्टी से बने शिल्प लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहे। यहां सुपारी से निर्मित गणेश प्रतिमा, सुपारी से बने खिलौने एवं मिट्टी से बने पारम्परिक खिलौनों को प्रदर्शित किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही महुआ से बने स्वदेशी उत्पादों को प्रमोट करने के लिए भी विशेष स्टॉल लगाया गया। जहां महुआ से बने बिस्किट और लड्डू प्रदर्शित किए गए। स्थानीय उत्पादों की इस पहल को लोगों ने सराहा और इसे ग्रामीण एवं आदिवासी संस्कृति को मंच देने वाला प्रयास बताया।

### तीसरे दिन प्रदर्शित की गई फिल्मों की सूची

तीसरे दिन प्रदर्शित की गई फिल्मों की सूची में स्वयं-भारत मप्र-आरपी सोनी, माइतीघर-नेपाल-मार्क गुरंग, प्रभात फेरी-भारत-महेंद्र श्रीवास, ब्यूला-भारत-बी.सुरेश कुमार, गौधर्मा- भारत मप्र-उत्सव ठाकुर, सरस के देश में-भारत-आस्था एवं दीप्ति, ओमलो-ए डेज़र्ट सोल-भारत-सोनू रणदीप चौधरी शामिल हैं।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में तनु सिंह ने जीता रजत पदक

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 जनवरी। लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा सीधी के उपाध्यक्ष अजय सिंह चौहान निवासी ग्राम डेम्हा की सुपुत्री तनु सिंह चौहान ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है।**

खेलो एमपी के अंतर्गत तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित 29 जनवरी को अंडर-17 राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में तनु सिंह चौहान ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि तनु सिंह चौहान इससे पूर्व भी जिला, संभाग एवं राज्य स्तर की विभिन्न बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में अनेक पदक जीत चुकी हैं। उनकी यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। तनु की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और संगठन के लिए गौरव का विषय हैए बल्कि सीधी जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। इस सफलता पर कोच सूरज शुक्ला, आदर्श द्विवेदी, विष्णु सिंह सेंगर, जिले के खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।



# सीयूईटी यूजी की अंतिम तिथि 4 फरवरी

**सीधी 31 जनवरी।** सीयूईटी कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यूजी 2026 के फार्म ऑनलाइन भरने की तारीख में बढ़ोत्तरी हुई है। 30 जनवरी से बढ़कर 4 फरवरी अंतिम तिथि हो गई है। फार्म में 9 से 11 फरवरी तक छात्र संशोधन कर सकेंगे। इसकी परीक्षा ऑनलाइन कम्प्यूटर बेस से 11 से 31 मई के बीच संभावित है। सीयूईटी में देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं कुछ अन्य विश्वविद्यालय सम्मिलित हैं। स्टूडेंट्स एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने तिथि बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रों से फॉर्म भरने की अपील की है।

# डीसीए सीधी ने सिंगरौली को हराकर अंडर-14 दो दिवसीय टेस्ट मैच जीता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 जनवरी। छत्रसाल स्टेडियम में जिला क्रिकेट एकेडमी सीधी और सिंगरौली के बीच खेला गया अंडर-14 वर्ग का दो दिवसीय टेस्ट मैच डीसीए सीधी ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपने नाम किया।**

मैच के मुख्य अतिथि संतोष आहूजा रहे, जिन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस कराकर मैच का शुभारंभ कराया। मैच में सिंगरौली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए अपनी पहली पारी में 114 रन बनाए और पूरी टीम ऑलआउट हो गई। सिंगरौली की ओर से पार्थ ने 26 रन और अभिनव ने 22 रन बनाए। सीधी की ओर से गेंदबाजी में शिवाय, प्रिया और दिव्यांश ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में डीसीए सीधी ने अपनी पहली पारी में 151 रन बनाए। सीधी की ओर से कार्तिकेय ने 48 रन और हर्षित ने 23 रन का योगदान दिया। सिंगरौली की ओर से गेंदबाज़ी में अथर्व सिंह ने 4 विकेट और आर्यांश सिंह ने 3 विकेट हासिल किए, जिससे सीधी को पहली पारी में 37 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में सिंगरौली की टीम ने 209 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें आयुष ने 63 रन और अभिनव ने 39 रन बनाए। सीधी की ओर से गेंदबाजी में दिव्यांश ने 4 विकेट और शिवाय ने 3 विकेट झटके। जीत के लिए मिले 173 रन के लक्ष्य को डीसीए सीधी ने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। सीधी की ओर से हर्ष ने नाबाद 75 रन की शानदार पारी खेली जबकि कार्तिकेय ने 18 रन बनाए। सिंगरौली की ओर से गेंदबाज़ी में आयुष ने 2 विकेट लिए। दोनों पारियों में शानदार गेंदबाज़ी करने वाले डीसीए सीधी के दिव्यांश को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस तरह डीसीए सीधी ने अंडर-14 दो दिवसीय टेस्ट मैच में सिंगरौली के खिलाफ जीत दर्ज की।



# कबाड़ में स्कूल बैग तलाशती दिखीं सीएम राइज की दिव्यांग छात्राएं, एसडीएम ने लिया संज्ञान

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 31 जनवरी। कुसमी मुख्यालय स्थित सीएम राइज संदीपनी विद्यालय से एक बेहद मार्मिक और व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। जहां कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा जो दोनों पैरों से दिव्यांग है स्कूल बैग न होने के कारण कबाड़ के ढेर में बैठकर बैग और कॉपी ढूंढती नजर आई।**

जिस स्थान पर वह बच्ची बैठी थी वहीं उसके पास रखा बैग देखा गया। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि किताबें ले जाने के लिए आवश्यक संसाधनों के अभाव में उसे कबाड़ जैसे स्थानों पर जाना पड़ रहा है। बताया गया कि छात्रा के पास न तो स्कूल बैग है और न ही कॉपी-पेन। बैग और कॉपी खरीदने के लिए कबाड़ बेचने की मंशा से वह कबाड़ बिनने तक पहुंची थी। यह दृश्य न केवल संवेदनशील है बल्कि सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत भी उजागर करता है। इस संबंध में सीएम राइज संदीपनी विद्यालय कुसमी के प्राचार्य राजेश पाण्डेय ने बताया कि पिछले दो वर्षों से बच्चों को शासन की ओर से ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही थी लेकिन इस वर्ष जनवरी माह में आदेश आया है कि फीडिंग चल रही है और बच्चों के खातों में 600 रुपये की राशि भेजी जाएगी। यह राशि केवल ड्रेस के लिए है। शासन की ओर से कॉपी, पेन और बैग की अलग से कोई राशि प्रदान नहीं की जाती। मामला सामने आने के बाद कुसमी एसडीएम विकास कुमार आनंद ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने परियोजना अधिकारी कुसमी माया गिरी को पूरे मामले की जांच करने तथा संबंधित छात्रा के घर जाकर उसके माता-पिता को समझाइश देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। गौरतलब है कि शासन द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए पुस्तकें, पहनने के लिए ड्रेस और भोजन की सुविधा दी जाती है लेकिन जमीनी स्तर पर बैग, कॉपी और पेन की कमी बच्चों की पढ़ाई में बाधा बन रही है। यह बालिका नेपाली बंसल इसका जीवंत उदाहरण है जिसे अपने स्कूल बैग के लिए कबाड़ तक बिनना पड़ा।



# चौफाल मंडल में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 जनवरी। खंड सेमरिया के चौफाल मंडल में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हनुमान जी के अनन्य भक्त संत जी उपस्थित रहे।**

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अन्नपूर्णा मौर्या और मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संघचालक पुष्पराज सिंह परिहार का मार्गदर्शन सभी सनातनियों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनेक सनातनियों रामप्रताप, अनिल जायसवाल, प्रधानाचार्य प्रभा शंकर मिश्रा, रावेन्द्र सिंह, संपत, जगजाहिर मिश्रा, दलबीर सिंह, हर्षलाल सिंह, संदीप तिवारी, राजेश, हंसराज, पुष्पा, गीता, खुशबू, गीता एवं अनेक माताएं बहनें और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह संदीप कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।



## एक नजर में

### गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 से

**सीधी।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है। इसके लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान एमपी किसान ऐप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं। जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, क्योंकि केवल पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाएगी। पंजीयन की नि:शुल्क सुविधा स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में 50 रूपये शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाता विवरण दर्ज करें, जिससे भुगतान ऑनलाइन किया जा सके। पंजीयन हेतु बोए गए खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी अनिवार्य होगी। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। भूमि स्वामी किसान एवं सिकमी किसान के मध्य 2 फरवरी 2026 से पूर्व वैधानिक अनुबंध होने पर ही सिकमी किसान को समर्थन मूल्य पर पंजीयन का अवसर प्रदान किया जाएगा। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जाएगा।

### जिला जेल का निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन

**सीधी।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज शनिवार 31 जनवरी 2026 को जिला जेल, सीधी का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना एवं पैरोल, आदि से संबंधित जानकारियॉं प्रदान करना रहा। साथ ही उपस्थित बंदियों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क विधिक परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने अपने संबोधन में जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक कर बताया कि विधिक जागरूकता और साक्षरता के माध्यम से हम आपकी न्याय तक पहुंच आसान कर आपको आपके अधिकारों से अवगत कराना चाहते हैं, और यही हमारे प्राधिकरण का उद्देश्य है। उक्त संबंध में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा यह जानकारी दी गई कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का समान अधिकार है और कोई भी व्यक्ति आर्थिक या सामाजिक कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहेगा। उन्हें बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता, परामर्श, आवेदन एवं अपील संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्हे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त शिविर में मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, जेल अधीक्षक, उप जेल अधीक्षक सहित जिला जेल सीधी का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

# अखिल भारती संयुक्त मंच भारत की बैठक उच्च विश्राम गृह सीधी में आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 जनवरी। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत की संगठनात्मक बैठक 30 जनवरी को उच्च विश्रामगृह सीधी में आहुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड.चन्द्रकुमार बलेजा राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि क्रमषः एड.रामगोपाल गुप्ता, एड.पवन सक्सेना राष्ट्रीय सचिव, करन साक्य कक्का राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी, राष्ट्रीय वरिष्ठ अधिवक्ता केदारनाथ गुप्ता रीवा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एड.मानिकलाल पटेल ने की।**

जिलाध्यक्ष मानिकलाल पटेल नें सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किये तथा अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिये। स्वागत भाषण से राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रकुमार बलैजा ने कहा कि अधिवक्ता हेतु यह मंच अधिवक्ताओं के हित कल्याण एवं सुरक्षा, सम्मान के लिये कार्य कर रहा है। जूनियर अधिवक्ताओं को 3 वर्ष तक स्टाय फंड मिले, अधिवक्ताओं के हित में सरकार अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करे एवं कोविड 19 में जान गवां चुके मंच देश के 19 राज्यों में वर्तमान समय में कार्य कर रहा है। करीब 20 हजार सदस्य अधिवक्ता मंच से जुड़ चुके हैं। राष्ट्रीय संरक्षक रामगोपाल गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं को 30 वर्ष की वकालत के बाद पेंशन योजना का लाभ दिया जाय, राष्ट्रीय सचिव पवन सक्सेना ने अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले पर चिंता जाहिर की। मीडिया प्रभारी करन साक्य ने कहा कि अधिवक्ताओं को दिल्ली सरकार द्वारा 5-5 लाख हेल्थ इन्श्योरेंश एवं मेडी क्लेम दिया जा रहा है उक्त योजना का लाभ भारत के सभी वकीलों को दिया जाना चाहिए।



# उत्कृष्ट कार्य पर अनुपम नापित हुए सम्मानित



**नवभारत न्यूज**

**मझौली 31 जनवरी। अनुपम नापित सहायक सचिव ग्राम पंचायत छुही अनुविभागीय अधिकारी एवं सीईओ जनपद पंचायत मझौली के हाथों गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए।**

अनुपम ने आवास, समग्र, पेंशन सत्यापन, जॉब कार्ड, केवाईसी, एसआईआर कार्य, नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, नशा मुक्ति अभियान, आदि कर्मयोगी, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराना, पेंशन की केवाईसी समय समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूरी लगन एवं ईमानदारी पूर्वक करते है।

# आदित्य बिड़ला स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

## दो दिवसीय हुईं प्रतियोगिताएं, विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**बघवार 31 जनवरी। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बघवार द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला हायर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आज हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सफल समापन हो गया। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती किरण एस. पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।**

खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 एवं 31 जनवरी को किया गयाए जिसमें विद्यालय के सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं विधिवत् पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं जो शारीरिक क्षमता के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व गुणों का विकास करते हैं। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सदनवार कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में भास्कर सदन ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अरुण सदन ने द्वितीय स्थान एवं मार्तण्ड सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में भास्कर सदन ने प्रथमए अरुण सदन ने द्वितीय एवं रवि सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। इसी क्रम में सीनियर बालक वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में भास्कर सदन के नैतिक द्विवेदी ने प्रथम स्थान, अरुण सदन के विवेक मिश्र ने द्वितीय स्थान तथा रवि सदन के हर्षित मिश्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती किरण एस. पटेल ने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कारए ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजनों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिता का सफल संचालन विद्यालय के खेल शिक्षक प्रकाश प्रजापति, मोहित मिश्र एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं स्टाफ के सहयोग से पूरा आयोजन सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों, विजेताओं, अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



### खेल महोत्सव में इन खेलों का हुआ आयोजन

दो दिवसीय खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्सी कूद, मेढ़क दौड़, जलेबी दौड़ सहित विभिन्न एथलेटिक एवं मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन किया गया। विशेष रूप से नन्हे बच्चों के लिए आयोजित रोचक प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। खेल मैदान में विद्यार्थियों का जोश, अनुशासन एवं खेल भावना देखते ही बन रही थी।